उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या-269 /10/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2026/09-परीक्षा/2026

लखनऊ : दिनांक : 18 नवम्बर, 2026

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-09-परीक्षा/2026, विधान भवन रक्षक एवं विधान भवन आग्निक / अग्निरक्षक मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2025) / 10 के अंतर्गत सचिवालय प्रशासन विभाग के नियंत्रणाधीन विधान भवन रक्षक के रिक्त 120 पदों एवं विधान भवन आग्निक / अग्निरक्षक के रिक्त 50 पदों, कुल रिक्त 170 (120 + 50) पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें ऑनलाइन आवेदन/शुल्क जमा/आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 29.06.2026 थी।

सूच्य है कि प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत विज्ञापित सचिवालय प्रशासन विभाग के नियंत्रणाधीन विधान भवन रक्षक एवं विधान भवन आग्निक / अग्निरक्षक के पदों पर चयन के लिये प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 (Preliminary Eligibility Test-PET-2025) में वास्तविक स्कोर अथवा नार्मलाइज्ड स्कोर में शून्य या उससे कम / नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को पृथक करते हुए प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मा० उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में योजित रिट याचिका संख्या-ए-68706/ 2015, ललित कुमार प्रति उत्तर प्रदेश राज्य तथा अन्य में मा० उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में विधान भवन रक्षक एवं विधान भवन आग्निक / अग्निरक्षक के कुल रिक्त 170 पदों के सापेक्ष मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट 7967 अभ्यर्थियों के परिणाम एवं कट-आफ अंक को मा० आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया है। तदनुसार लम्बवत आरक्षण के अंतर्गत अनारक्षित श्रेणी, अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग श्रेणी हेतु कट-आफ 72.35 अंक तथा अनुसूचित जाति श्रेणी हेतु कट-आफ 69.13 अंक व अनुसूचित जनजाति श्रेणी हेतु कट-आफ 60.02 अंक निर्धारित हुआ है एवं क्षैतिज आरक्षण के अंतर्गत निर्धारित कट-आफ अंक निम्नवत है-

क्र0सं0	क्षैतिज श्रेणी	कट–ऑफ अंक
1	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित	59.23
2	दिव्यांगजन	पद विज्ञापित नहीं हैं।
3	सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक	52.86
4	महिला	69.55
5	उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु	61.26

उक्त के क्रम में विज्ञापन संख्या-09-परीक्षा / 2026, विधान भवन रक्षक एवं विधान भवन आग्निक /अग्निरक्षक मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2025) / 10 के सापेक्ष आनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों में से प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 (Preliminary Eligibility Test -PET-2025) के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट हो रहे कुल 7967 अभ्यर्थियों का परिणाम आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध उक्त परिणाम से सम्बन्धित लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

18.11.26

(हरिकेश चौरसिया)
सचिव।